
## Capacity Building of Students

2·11

1. **Awareness Regarding CPR, First Aid, Fire Safety campaign at GDC Salooni By NDRF on 8th November 2024**

Students of GDC Salooni were taught regarding CPR, First Aid and fire safety like life skills by NDRF. In this awareness drive more than 150 students participated and practiced the skills imparted by NDRF on 8th November 2024.



# सलूणी कालेज में विद्यार्थियों ने सीखे आपदा से बचाव के उपाय



सलूणी कालेज में छात्रों को प्राथमिक उपचार करना सिखाती एनडीआरएफ की टीम • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी :** राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने शुक्रवार को विद्यार्थियों को आपदाओं से बचाव के उपाय बताए। एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन जसूर (कांगड़ा) के प्रभारी राजेश कुमार व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को भूकंप व बाढ़ की चपेट में आने से घायल हुए लोगों का प्राथमिक उपचार करने, स्ट्रेचर बनाने व अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने के बारे में बताया। साथ ही सीपीआर, श्वास नली रुकने पर प्राथमिक उपचार व घायलों की सहायता करने के उपायों का प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को आपदा के समय धैर्य रखना चाहिए। यदि आपदा के समय घबरा जाएं तो हमें कुछ नहीं सूझता है। हड़बड़ाहट में हम ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है। धैर्य से काम लें तो मुश्किल घड़ी से निकल सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों व लोगों को आपदाओं से बचाव के तरीके बताने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि जो जानकारी हासिल की है उसे स्वजन व लोगों के साथ भी साझा करें। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या पिंकी देवी, प्राध्यापक दिनेश कुमार, गुरदेव सिंह, शुभम डोगरा व पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।


# आपदा आए तो क्या करें...दिए टिप्स

## सलूणी में छात्रों को मुसीबत से निपटने के सिखाए गुर

निजी संवाददाता-सलूणी



राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए। एनडीआरएफ 14 जी बटालियन जसूर कांगड़ा हिमाचल की टीम ने महाविद्यालय के छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा से बचने के लिए छात्रों को कई तरीके सिखाए। टीम प्रभारी राजेश कुमार और टीम ने छात्रों को भूकंप व बाढ़ जैसी आपदा में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार, बैंडेज, स्प्लिंट, स्ट्रेचर बनाना तथा अग्नि शामक यंत्रों का प्रयोग कैसे करें। इसके अलावा सीपीआर, श्वास नली अवरूद्ध होने पर प्राथमिक उपचार, घायल लोगों की मदद करने के उपायों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि छात्रों को आपदा के समय धैर्य बनाए रखना है। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य पिंकी देवी, प्राध्यापक दिनेश कुमार, गुरदेव सिंह, शुभम डोगरा व पंकज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।





Sh. Dinesh Kumar
IQAC Coordinator

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

## 2. Disaster Management Drill

8 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एन डी आर एफ) की टीम ने छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए। NDRF 14th बटालियन जसूर , कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की टीम ने महाविद्यालय के छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा से बचने के लिए छात्रों को कई तरीके सिखाए। टीम प्रभारी राजेश कुमार और उनकी टीम ने छात्रों को भूकंप, बाढ़, जैसी आपदा में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार, बैंडेज, स्प्लिंट, स्ट्रेचर बनाना तथा अग्नि शामक यंत्रों का प्रयोग कैसे करें। इसके अलावा CPR , श्वास नली अवरूद्ध होने पर प्राथमिक उपचार , घायल लोगों की मदद करने के उपायों का प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि छात्रों को आपदा के समय धैर्य बनाए रखना है।








Sh. Dinesh Kumar
IQAC Coordinator

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

3. **Research Methodology and Field Based Research Survey:**


This year the college in collaboration with IECSME- Kamdhenu Chair had given research and survey based task to the students on "Understanding Socio-Economic and Cultural Status of Salooni Tehsil" in which students were divided into groups and each group had to collect data from 100 people. On the basis of this data the students prepared a report on computer on the basis of which "Field Experience Sharing cum Annual Research Seminar" was organized on 10-12 March 2025.





Sh. Dinesh Kumar
IQAC Coordinator

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

4. **Yoga Session:** Yoga sessions were organized from time to time





Sh. Dinesh Kumar
IQAC Coordinator

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni